# SSC, UPSC, MPPSC, RAILWAY

# भारत की नदियां

**Exam में 1 नंबर पक्का**









# भारत की नदिया

**Theory**

Video 1

**All Important Questions**

Video 2

CrazyGkTrick

# एस्च्युरी (ज्वारनदमुख) और डेल्टा क्या होता है ?



## ❖ एस्च्युरी :

- सागर तट पर स्थित आधा बंद खारे पानी का वह क्षेत्र जहा नदियों का ताजा पानी समुद्र के खारे पानी के साथ मिलता है |
- **नर्मदा , ताप्ती , मांडवी** नदी एस्च्युरी मतलब ज्वारनदमुख का निर्माण करती है

## ❖ डेल्टा :

- नदी जहा महासागर से मिलती है उस जगह नदी द्वारा बहाकर लाई गई मिट्टी के कारण नदी की धारा कई धाराओं में बट जाती है उस त्रिभुजाकार क्षेत्र को डेल्टा कहा जाता है | डेल्टा प्रायः उपजाऊ मिट्टी का निर्माण करते है |
- गंगा , ब्रह्मपुत्र ,महानदी, गोदावरी , कृष्णा डेल्टा का निर्माण करती है



एस्च्युरी

# डेल्टा



# अपवाह तंत्र :

## Drainage System





- अपवाह तंत्र शब्द एक क्षेत्र के नदी तन्त्र की व्याख्या करता है जिसमे अलग अलग दिशाओं से छोटी-छोटी धाराएँ आकर एक मुख्य धारा मतलब मुख्य नदी का निर्माण करती हैं |

- यहाँ पर अलग अलग दिशाओं से जो छोटी-छोटी धाराएँ आती है वो मुख्य नदी की सहायक नदिया होती है |

# भारत का अपवाह तंत्र : (Drainage System)

➢ 2 भाग


## हिमालयी अपवाह तंत्र




## प्रायद्वीपीय अपवाह तंत्र



# सिंधु नदी तंत्र








## ❖ सिंधु नदी :

➢ सिंधु नदी 3 देशो में होकर बहती है - **चीन , भारत , पाकिस्तान** |

➢ चीन के तिब्बत स्थित **मानसरोवर झील** के निकट से इसका उद्गम होता है और उत्तर पश्चिम दिशा में बहती हुई ये नदी भारत के लद्दाख के दमचोक के पास से भारत में प्रवेश करती है, आगे बहती हुई ये नदी गिलगित से होते हुए दर्दिस्तान के पास पाकिस्तान में प्रवेश करती है और कराची के पूर्व से होते हुए अरब सागर में मिल जाती है |

➢ इस नदी की कुल लम्बाई **2880 Km** है

# सिंधु नदी तंत्र




## ❖ सिंधु नदी :

- भारत का **लेह शहर** सिंधु नदी के **दाए तट** पर स्थित है
- सिंधु नदी के अरब सागर में मिलने से पहले इसमें 5 प्रमुख सहायक नदिया आकर मिलती है -

**चेनाब**, झेलम, रावी, व्यास और **सतलज** नदी ।

**CrazyGkTrick**




# सिंधु नदी तंत्र




❖ **चेनाब नदी :** ➢ ये सिंधु नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी है इसका उद्गम हिमाचल प्रदेश के **K 12 लारा दर्रे** से होता है |

➢ हिमाचल प्रदेश में इस नदी का निर्माण 2 नदी **चंद्रा** और **भागा** नदी से होता है इस लिए इसे वहा **चंद्रभागा** के नाम से जाना जाता है |

➢ ये नदी पाकिस्तान में जाकर सिंधु नदी से मिल जाती है, सिंधु नदी में मिलने से पहले इसमें झेलम , रावी, सतलज ,व्यास नदिया आकर मिलती है

# सिंधु नदी तंत्र







❖ **झेलम नदी :** ➢ झेलम नदी का उद्‌गम कश्मीर घाटी के **बैरीनाग** के निकट से होता है ये नदी 170 km भारत पाकिस्तान सीमा का निर्माण करती हुई पाकिस्तान के झंग के निकट **चेनाब नदी** में मिल जाती है |

❖ **रावी :** ➢ ये नदी हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे से निकलकर कश्मीर तथा पंजाब होते हुए पाकिस्तान के झंग के निकट चेनाब में मिल जाती है |

# सिंधु नदी तंत्र







❖ **सतलज नदी :** ➢ ये नदी तिब्बत के " **राक्षस ताल** " से निकलती है और सिंधु नदी के सामानांतर बहती हुई हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करती है आगे पंजाब होते हुए पाकिस्तान के बहावलपुर मे चेनाब नदी में जाकर मिल जाती है

✓ चेनाब में मिलने से पहले इससे **व्यास नदी** आकर मिलती है |

❖ **व्यास :** ➢ रोहतांग दर्रे से निकली व्यास नदी हिमाचल प्रदेश के कुल्लू घाटी में बहते हुए पंजाब के हरिके में सतलज नदी से मिल जाती है

# सिंधु नदी तंत्र







- **Note :** हरिके क्षेत्र में जो हमने व्यास और सतलज नदी के संगम की बात की, वही से देश की सबसे लम्बी नहर इंदिरा गाँधी नहर निकलती है, जो की पंजाब और राजस्थान से होकर गुजरती है | राजस्थान में इसकी लम्बाई सबसे अधिक 470 km है

- **ध्यान दीजियेगा :** पाकिस्तान के बहावलपुर में जब सतलज नदी चेनाब नदी से मिलती है तब ये चेनाब में मिलकर पंचनद नदी का निर्माण करती है .मतलब सिंधु नदी में मिलने से पहले 45 km तक ये पाचो नदिया यहाँ एक होकर आगे बहती है




# सिंधु नदी तंत्र






## सिंधु जल समझौता -

पानी के वितरण लिए 1960 में हुई भारत और पाकिस्तान के बीच हुई एक संधि है..इस समझौते के अनुसार, तीन "पूर्वी" नदियों – **ब्यास, रावी** और **सतलुज** – का नियंत्रण **भारत** को, तथा तीन "पश्चिमी" नदियों – **सिंधु, चिनाब** और **झेलम** – का नियंत्रण **पाकिस्तान** को दिया गया |

**CrazyGkTrick**

# गंगा नदी तंत्र









❖ **गंगा नदी :**

- गंगा नदी भारत की सबसे लम्बी नदी है इसकी कुल लम्बाई 2525 km है इसमें भारत में इसकी लम्बाई 2071 km है, बाकि बांग्लादेश में है

- सतोपथ हिमानी से निकली अलकनंदा और गौमुख से निकली भागीरथी नदी जब देवप्रयाग में मिलती है तब इसका संयुक्त रूप गंगा के नाम से जाना जाता है

# गंगा नदी तंत्र




❖ **गंगा नदी :** ❑ अलकनंदा **की 2 प्रमुख सहायक नदिया** है :

**पिंडार नदी**

➢ पिंडार नदी अलकनंदा को **कर्णप्रयाग** में आकर मिलती है

**मन्दाकिनी नदी**

➢ मन्दाकिनी नदी अलकनंदा को **रूद्र प्रयाग** में आकर मिलती है

**Note :** प्रसिद्ध् **केदारनाथ मदिर मन्दाकिनी नदी** के तट पर स्थित है और **बद्रीनाथ का मंदिर अलकनंदा नदी** के तट पर स्थित है

# गंगा नदी तंत्र








- उत्तराखंड से निकली गंगा उत्तरप्रदेश, बिहार होती हुई पश्चिम बंगाल तक बहती है प बंगाल के फरक्का पर ये 2 धाराओं में बट जाती है **हुगली** और मुख्य धारा **भागीरथी** |
- भागीरथी नदी बांग्लादेश में मुख्य धारा के रूप में प्रवेश करती है , जहा इसे **पद्मा** के नाम से जाना जाता है आगे बहती हुई ये पद्मा ब्रह्मपुत्र जिसे बांग्लादेश में जमुना के नाम से जाना जाता है से मिल जाती है और संयुक्त रूप जिसे **मेघना** कहा जाता है के रूप में बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है

# गंगा नदी तंत्र





- गंगा नदी की बहुत सी सहायक नदिया है -
  - **यमुना, कोसी, सोन, गोमती, दामोदर, घाघरा (सरयू), गंडक , रामगंगा ।**

**यमुना नदी :**

- गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी है, जो उत्तराखंड के बंदरपूछ चौटी पर स्थित यमुनोत्री हिमानी से निकलती है
- ये नदी उत्तराखंड से हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश से बहते हुए **प्रयागराज** (इलाहबाद) में गंगा नदी से जाकर मिल जाती है ।
- यमुना नदी का प्राचीन नाम **कालिंदी** नदी है ।
- यमुना की बहुत सी सहायक नदिया है -
  **चंबल, बेतवा, केन**

# गंगा नदी तंत्र




- **चम्बल नदी :**
  - ये नदी मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित महू क्षेत्र के जानापाव पर्वत से निकलती है, उत्तर-मध्य भाग में बहते हुए ये नदी राजस्थान से होकर उत्तरप्रदेश के इटावा में यमुना नदी से मिल जाती है
  - इस नदी की लम्बाई **965 Km** है


- **बेतवा नदी :**
  - मध्यप्रदेश के भोपाल से निकलती है, जो उत्तरपूर्वी दिशा में बहते हुए उत्तरप्रदेश के हमीरपुर में यमुना से मिल जाती है

**ध्यान रखियेगा :**

प्रसिद्ध स्थान **सांची** बेतवा नदी के किनारे स्थित है |

सांची में कई बौद्ध स्मारक है, सांची का स्तूप अशोक ने तीसरी शताब्दी ई सा पु में बनाया था |

# गंगा नदी तंत्र





❖ **कोसी नदी :**

- ये नदी नेपाल में हिमालय से निकलती है और बिहार में प्रवेश करती है
- ये नदी प्राय अपना मार्ग बदलने के कारन चर्चा में रहती है और इसमें आने वाली बाढ़ से बिहार में अधिक मात्रा में तबाही देखने को मिलती है, इस लिए इस नदी को "**बिहार का शोक**" कहा जाता है |
- ये नदी बिहार के कटिहार में गंगा नदी से मिल जाती है |

❖ **दामोदर नदी :**

झारखण्ड के **छोटा नागपुर पठार** से निकलती है और पश्चिम में बहते हुए ये **हुगली नदी** में जाकर मिल जाती हैं, इस नदी में अचानक आने वाली बाढ़ के कारन इसे बंगाल का अभिशाप भी कहा जाता है ध्यान रखियेगा प्रदुषण के कारन इस नदी को "**जैविक मरुस्थल**" कहा जाता है |

# गंगा नदी तंत्र




❖ **गोमती नदी :** ➢ इस नदी का उद्गम उत्तरप्रदेश के पीलीभीत स्थित **गोमतताल** से होता है जिसे **फुलहर झील** भी कहते है ,ये गंगा नदी की एक मात्र ऐसी सहायक नदी है जिसका **उद्गम मैदान** से होता है


❖ **सोन नदी :** ➢ मध्यप्रदेश के अमरकंटक नामक स्थान से निकलती है और उत्तर की और बहते हुए ये पटना के निकट गंगा में मिल जाती है

**Note :** सोन नदी और यमुना नदी के बीच जलविभाजन का काम कैमूर की पहाड़िया करती है

➢ इनके अलावा गंगा की सहायक नदियों में **घाघरा** जिसे सरयू नदी के नाम से भी जाना जाता है और **गंडक नदी** गंगा के **बाए तट** पर आकर मिलती है

## गंगा नदी से सम्बंधित महत्वपूर्ण Points :

- कौन सी नदी गंगा के दाए तट पर और कौन सी नदी गंगा के बाए तट पर आकर मिलती है ?




गोमती
गंडक
घाघरा
कोसी


- यमुना
- सोन
- टोंस

➢ गंगा नदी को **2008** में राष्ट्रिय नदी का दर्जा दिया गया और गंगा के किनारे बसा सबसे बड़ा शहर **कानपूर** है

➢ गंगा नदी के प्रवाह का क्रम -

**उत्तराखंड -> उत्तरप्रदेश -> बिहार -> पश्चिमबंगाल**

# ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र







❖ **ब्रह्मपुत्र नदी :**


- ये नदी **तिब्बत** , **भारत** और **बांग्लादेश** से होकर बहती है
- ये नदी तिब्बत के मानसरोवर झील के निकट से निकलती है ।

**ध्यान रखियेगा : ब्रह्मपुत्र, सतलज** और **सिंधु** नदिया तिब्बत के मानसरोवर के पास से निकलती है ।

- तिब्बत से निकलने वाली इस नदी को तिब्बत में **यरलुंग जंगबो** के नाम से और **सांग्पो** के नाम से जाना जाता है जब ये नदी भारत में असम घाटी में प्रवेश करती है जहा इसे **ब्रह्मपुत्र** के नाम से जाना जाता है , इस नदी को अरुणाचलप्रदेश में **दिहांग** के नाम से जाना जाता है

CrazyGkTrick

# ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र







## ❖ ब्रह्मपुत्र नदी :

➢ असम घाटी में बहते हुए ये नदी बांग्लादेश में प्रवेश करती है जहा इसे जमुना के नाम से जाना जाता है, बांग्लादेश में ये गंगा **(पद्मा)** के साथ मिल जाती है और गंगा ब्रह्मपुत्र का संयुक्त रूप मेघना के नाम से जाना जाता है और **विश्व का सबसे बड़ा नदी डेल्टा "सुंदरबन डेल्टा"** का निर्माण करते हुए बंगाल की खाड़ी में जाकर मिल जाती है

**ब्रह्मपुत्र की सहायक नदिया है -** ▪ **तिस्ता** ▪ **सुवनसिरि** ▪ **कमेंग** ▪ **मानस** ▪ **दिबांग** ▪ **लोहित** ▪ **बराक** ▪ **कपिली**

➢ तिस्ता ,सुवनसिरि , कमेंग , मानस ,दिबांग दाए तट से और लोहित , बराक , दिबांग बाए तट से ब्रह्मपुत्र से मिलती है |

# ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र




**कुछ महत्वपूर्ण Points -**

- तीस्ता नदी का उद्गम **सिक्किम** से होता है पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है और वहा ब्रह्मपुत्र से मिल जाती है |

- लोहित नदी को **खून की नदी** के नाम से जाना जाता है

- **बराक नदी** मणिपुर की पहाड़ियों से निकलती है, मणिपुर से मिजोरम, असम होते हुए बंगलादेश में प्रवेश करती है और **मेघना नदी** में जाकर मिल जाती है |

- ब्रह्मपुत्र नदी गंगा नदी के साथ मिलकर विश्व के सबसे बड़े नदी डेल्टा **सुंदरवन डेल्टा** का निर्माण करती है |

- ब्रह्मपुत्र नदी में ही विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप (World Largest River Island) **"माजुली"** स्थित है | (असम में)

# प्रायद्वीपीय नदी तंत्र





- हिमालयी नदी तंत्र की तुलना में प्रायद्वीपीय नदी तंत्र बहुत अधिक पुराना है
- दक्षिण भारत की नदिया प्रायः **वृक्षनुमा** अपवाह तंत्र रखती है
- प्रायद्वीपीय नदियों के अपवाह तंत्र में **नर्मदा, ताप्ती, माही, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, महानदी** आती है

**अरब सागर** में गिरने वाली नदिया
**नर्मदा , ताप्ती , माही**

**बंगाल की खाड़ी** में गिरने वाली नदिया
**गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, महानदी**

CrazyGkTrick

# प्रायद्वीपीय नदी तंत्र





## ❖नर्मदा नदी :

- मध्यप्रदेश के अमरकंटक से इसकी उत्पत्ति होती है जो पश्चिम की और बहते हुए 1312 km की दुरी तय कर खम्बात की खाड़ी अरब सागर में मिल जाती है
- नर्मदा नदी उत्तर में विंध्याचल पर्वत और दक्षिण में सतपुड़ा पर्वत के बीच **भ्रंश घाटी** **(Rift Valley)** से होते हुए बहती है |
- ये नदी **मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी नदी** है इसे मध्यप्रदेश की जीवन रेखा कहा जाता है नर्मदा नदी की सहायक नदिया ओरसंग, तवा और शेर है |

**ध्यान रखियेगा -** अमरकंटक से 2 नदिया निकलती है **नर्मदा** और **सोन नदी**, दोनों नदिया भ्रंश घाटी (Rift Valley) से होते हुए बहती है

# प्रायद्वीपीय नदी तंत्र




**❖ताप्ती नदी :** (724 Km)

➢ **मध्यप्रदेश** के **बैतूल** जिले के निकट सतपुड़ा पहाड़ियों से निकलती है, ये नदी मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र, गुजरात से प्रवाहित होती हुई ये **अरब सागर** में जाकर मिल जाती है |


**❖ माही नदी :** (583 km)

➢ इसका उद्गम मध्यप्रदेश के धार जिले के समीप विंध्याचल पर्वत श्रेणी से होता है ,मध्यप्रदेश , राजस्थान , गुजरात से बहते हुए ये नदी खम्बात की खाड़ी में गिर जाती है |

**ध्यान रखियेगा -** माही भारत की एकमात्र ऐसी नदी है जो **कर्क रेखा** को **2 बार** काटती है

CrazyGkTrick

# प्रायद्वीपीय नदी तंत्र




❖ **गोदावरी नदी** : (1465 Km)


- ये **प्रायद्वीपीय भारत** की **सबसे लम्बी नदी** है
- ये नदी महाराष्ट्र के नासिक जिले के त्रम्बकेश्वर से निकलती है और दक्षिण पूर्व की और बहते हुए बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है

**ध्यान रखियेगा :-** **पेनगंगा**, **इंद्रावती**, **प्रणहिता** इसकी प्रमुख सहायक नदिया है

❖ **कृष्णा नदी** : (1400 km)

- कृष्णा नदी प्रायद्वीपीय भारत की **दूसरी सबसे बड़ी नदी** है |
- इसका उदगम महाराष्ट्र के महाबलेश्वर के पास से होता है, कृष्णा नदी महाराष्ट्र से होते हुए कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश से बहते हुए बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है
- कृष्णा नदी की **प्रमुख सहायक नदियों** - **तुंगभद्रा** , **कोयना** , **भीमा** |
- **कृष्णा नदी जल विवाद ->** कृष्णा नदी के जल बटवारे से सम्बंधित है जो **आंध्रप्रदेश**, **कर्नाटक** और **महाराष्ट्र** के बीच **1957** से चल रहा है

# प्रायद्वीपीय नदी तंत्र




❖ **महानदी** : (851 Km)

➢ महानदी छत्तीसगढ़, उड़ीसा की प्रमुख नदी है |

➢ इसका उद्गम छत्तीसगढ़ के रायपुर के निकट सिहावा पहाड़ी से होता है और ये नदी आगे पूर्व की और बहते हुए ये उड़ीसा में प्रवेश करती हैं और **डेल्टा का** निर्माण करते हुए बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है


**ध्यान रखियेगा :** **तेल नदी** और **जोंक** महानदी की प्रमुख सहायक नदी है

❖ **कावेरी नदी** : (800 km)

➢ कर्नाटक के कुर्ग के निकट **ब्रहमगिरि पहाड़ियों** से निकलती है और कर्नाटक तामिलनाडू से बहते हुए तिरुचिरापल्ली के निकट बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है |

➢ ध्यान रखियेगा - इसे **दक्षिण भारत की गंगा** कहा जाता है |

# अन्य प्रमुख नदिया





❖ **स्वर्ण रेखा नदी :**

- झारखंड में बहने वाली एक पहाड़ी नदी है
- ये नदी रांची के निकट छोटा नागपुर के पठार से निकलती है, झारखण्ड से निकलकर, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा से होते हुए ये बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है |
- प्रसिद्ध शहर जमशेदपुर (टाटानगर) इसी नदी के तट पर स्थित है |

❖ **लूनी नदी :**

- इसका उद्गम अजमेर के निकट अरावली पहाड़ियों के निकट नाग पहाड़ से होता है राजस्थान से होते हुए गुजरात के कछ के रन में ये नदी विलुप्त हो जाती है
- इस नदी को **Salt River** के नाम से भी जाना जाता है

# अन्य प्रमुख नदिया




## ❖ काली नदी :

- इस नदी को **शारदा** और **कालीगंगा** के नाम से जाना जाता है|
- ये नदी हिमालय स्थित कालापानी नामक स्थान से निकलती है, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश में होते हुए हुए ये नदी घाघरा नदी के साथ मिल जाती हैं |
- ध्यान रखियेगा काली नदी पूर्व की और **नेपाल** और भारत की अंतराष्ट्रीय सीमा बनती है |

## ❖ पेन्नार नदी :

- पेन्नार नदी भारत की एक प्रमुख नदी हैं |
- ये नदी कर्नाटक में नन्ददुर्ग पहाड़ी से निकलकर पूरब की ओर 970 किलोमीटर बहकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है |